## 2. आत्म एवं व्यक्तित्व (SELF AND PERSONALITY)

### वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तर

1 संरचित साक्षात्कारों में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं ?

(a) सामान्य प्रश्न, (b) अत्यंत विशिष्ट प्रकार के प्रश्न,

(c) अनेक सामान्य प्रश्न, (d) इनमें कोई नहीं। Ans.(b)

What type of questions are asked in structured interview ?

(a) General questions, (b) Very Specific questions,

(c) A number of general questions, (d) None of the above.

2 Personality (व्यक्तित्व) शब्द लैटिन के किस शब्द से बना है ?

(a) परसोना, (b) परसेना, (c) परसोनिक, (d) परसेनिया। Ans.(a)

From which Latin word 'Personality' has been derived ?

(a) Persona, (b) Persena, (c) Personic, (d) Persenia.

3 युंग ने व्यक्तित्व को कितने वर्गों में बाँटा है ?

Into how many types has Jung divided personality ?

(a) 3, (b) 4, (c) 2, (d) 8. Ans.(c)

4 आलपोर्ट के अनुसार व्यक्तित्व की संरचना की मूल इकाई है।

(a) मूल प्रवृत्ति, (b) वैयक्तिक शीलगुण,

(c) कार्यात्मक स्वायतत्ता, (d) इनमें कोई नहीं। Ans.(b)

According to Allport the unit of the structure of personality is–

(a) Original attitude, (b) Personal traits,

(c) Functional Independency, (d) None of these.

5 व्यक्तित्व का शील-गुण है–

(a) सौंदर्य, (b) परिधान,

(c) व्यवहार का विशिष्ट तरीका, (d) आभूषण। Ans.(c)

Trait of personality is–

(a) Beauty, (b) Dress,

(c) Special behavioural pattern, (d) Ornaments.

6 यह वक्तव्य कि "मैं हिन्दू हूँ" दर्शाता है–

(a) व्यक्तिगत अनन्यता, (b) सामाजिक अनन्यता।

(c) दोनों (a) और (b), (d) इनमें कोई नहीं। Ans.(b)

The statement, that "I am a Hindu" discloses one's–

(a) Personal Identity, (b) Social Identity,

(c) (a) and (b) both, (d) None of these.

Scanned with CamScanner

7 व्यक्तित्व को अन्तर्मुखी एवं बहिर्मुखी श्रेणी में किसने विभक्त किया है ?

(a) फ्रीडमैन, (b) युंग, (c) फ्रायड, (d) गार्डनर। Ans.(b)

Who divided the perosnality in introvert and extrovert category ?

(a) Freedman, (b) Jung, (c) Freud, (d) Gardener.

8 कथानक संप्रत्यक्षण परीक्षण (टी० ए० टी०) को किसने विकसित किया ?

(a) फ्रायड और गार्डनर, (b) मरे और स्पैरा,
(c) मॉर्गन और फ्रायड, (d) मॉर्गन और मरे। Ans.(d)

Who developed the Thematic Apperception Test (TAT) ?

(a) Freud and Gardner, (b) Murray and Spaira,
(c) Morgan and Freud, (d) Morgan and Murray.

9 फ्रायड व्यक्तित्व की मौलिक इकाई मानते हैं।

(a) चित्त प्रकृति, (b) लिबिडो, (c) मूल प्रवृत्तियाँ, (d) चेतन। Ans.(c)

Freud considers the original unit of personality.

(a) Temperament, (b) Libido, (c) Instinct, (d) Conscious.

10 रोर्शा मसिलक्ष्म (इंक ब्लॉट) परीक्षण किसने विकसित किया ?

(a) हर्मन रोर्शा, (b) मार्गन, (c) हार्पर, (d) इनमें कोई नहीं। Ans.(a)

Who developed Rorschach Inkblot Test ?

(a) Hermann Rorschach, (b) Morgan,
(c) Harpar, (d) None of these.

11 शेल्डन के अनुसार शारीरिक बनावट का आधार निम्न में से कौन नहीं है ?

(a) स्थूलकाय, (b) गोलाकार, (c) मध्यकाय, (d) लंबाकृतिक। Ans.(b)

According to Sheldon which is not the basis of physical construction ?

(a) Pyknic, (b) Endomorphic,
(c) Mesomorphic, (d) Ectomorphic.

12 गुस्सैल व्यक्तित्व में प्रधानता पायी जाती है।

(a) काले पित्त का, (b) पीले पित्त का, (c) कफ का, (d) रक्त की। Ans.(b)

Anger personality mainly possesses.

(a) Black bile, (b) Yellow bile,
(c) Cough, (d) Blood.

13 रोर्शा मसिलक्ष्म (धब्बा) परीक्षण में कितने मसिलक्ष्म (धब्बा) होते हैं ?

How many inkblots are there in the Rorschach Inkblot Test ?

(a) 5, (b) 10, (c) 15, (d) 20. Ans.(b)

14 यह वक्तव्य कि मैं ईश्वर में विश्वास करता हूँ, दर्शाता है–

(a) व्यक्तिगत अनन्यता, (b) धार्मिक अनन्यता।
(c) दोनों (a) और (b), (d) इनमें कोई नहीं। Ans.(a)

The statement, that "I am a believer in God" discloses one's–

(a) Personal Identity, (b) Religious Identity.
(c) (a) and (b) both, (d) None of these.

15 व्यक्तित्व का प्ररूपविज्ञान किसने प्रस्तावित किया ?

(a) हिप्पोक्रेट्स, (b) शेल्डन, (c) हार्पर, (d) मार्गन। Ans.(a)

Who proposed a typology of personality ?

(a) Hippocrates, (b) Sheldon,
(c) Harpar, (d) Morgan.

Scanned with CamScanner

16 16 पी० एफ० को किसने विकसित किया ?

(a) फ्रायड, (b) कैटेल, (c) सिगमोड, (d) गार्डनर। Ans.(b)

Who developed 16 PF ?

(a) Freud, (b) Cattell, (c) Sigmod, (d) Gardner.

17 स्व० वास्तविकरण का सिद्धान्त किसने दिया है ?

(a) मास्लो, (b) कैटेल, (c) फ्रायड, (d) इनमें कोई नहीं। Ans.(a)

Who has given the theory of self actualization ?

(a) Maslow, (b) Cattell, (c) Freud, (d) None of these.

18 निम्न में से किसे स्व का प्रकार नहीं माना जाता है ?

(a) पहचान स्व, (b) व्यक्तिगत स्व, (c) सामाजिक स्व, (d) संबंधात्मक स्व। Ans.(a)

Which one in the following is not considered the type of self ?

(a) Indentification self, (b) Personal self,
(c) Social self, (d) Relative self.

## ◉ निम्नांकित कथन 'सत्य' है या 'असत्य'–

Whether the following statements are 'True' or 'False'–

1 आत्म को केवल आत्मगत रूप में समझा जा सकता है। *(सही/गलत)*

Self can be understood in subjective form. *(True/False)*

उत्तर– गलत (False)।

2 इदं, अहं तथा पराहं को मानव मस्तिष्क में देखा जा सकता है। *(सही/गलत)*

Id, Igo and super-ego can be seen in human brain. *(True/False)*

उत्तर– गलत (False)।

3 व्यक्तित्व का तात्पर्य व्यक्ति के शारीरिक एवं बाह्य रूप से होता हैं। *(सही/गलत)*

Personality refers to the physical and external appearance.*(True/False)*

उत्तर– गलत (False)।

4 फ्रायड मानसिक रोगों का कारण दमित इच्छाएँ मानता है। *(सही/गलत)*

Freud does consider repressed desires as a reason for mental diseases. *(True/False)*

उत्तर– सही (True)।

5 'एण्डोमॉर्फिक' लोग शान्त तथा मिलनसार होते हैं। *(सही/गलत)*

'Endomorphic' people are calm and friendly. *(True/False)*

उत्तर– सही (True)।

## ◉ अतिलघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

1 'अहं' क्या है ? (What is Ego ?)

उत्तर– अहं का विकास इड से होता है और यह व्यक्ति की मूल प्रवृत्तिक आवश्यकताओं की संतुष्टि वास्तविकता के धरातल पर करता है। यह प्रायः इड को व्यवहार करने के उपयुक्त तरीकों की तरफ निर्दिष्ट करता है।

2 स्व नियमन से क्या समझते हैं ? (What do you mean by Self Regulation ?)

उत्तर– जीवन की विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति तथा चुनौतियों का सामना करना मानव जीवन की नियति है। व्यक्ति अपने व्यवहारों का जब स्वयं निरीक्षण करके नियमन करता है तो उसे स्व नियमन कहते हैं।

Scanned with CamScanner

3 'स्व' के ज्ञाता और ज्ञेय पक्षों को एक उदाहरण द्वारा स्पष्ट करें।
Explain the subject and object of self with an example.

उत्तर- स्व के दो पक्ष होते हैं– ज्ञाता और ज्ञेय। ज्ञाता उसे कहते हैं जो देखने या जानने वाला होता है। उदाहरण के लिए मैं अपने बारे में सोच रहा था– यह स्व का ज्ञाता पक्ष है। ज्ञेय के रूप में व्यक्ति स्वयं को देखे जाने वाली वस्तु के रूप में प्रेक्षण करता है। उदाहरणार्थ, मैं अपने को देखा रहा था– यह स्व का ज्ञेय पक्ष है।

4 व्यक्तित्व क्या है ? (What is Personality ?)

उत्तर- व्यक्तित्व का अर्थ व्यक्ति की विशिष्ट तथा अपेक्षाकृत स्थायी विशेषताओं से है जो विभिन्न परिस्थितियों में तथा एक समय अंतराल या काल अवधि में व्यवहार प्रतिरूपों को व्यक्त करती हैं।

5 चरक में व्यक्तित्व के वर्गीकरण का आधार क्या है ?
What are the criteria for differentiating personality in Charak ?

उत्तर- चरक ने व्यक्ति वर्गीकरण का आधार दैहिक गुण– बात, कफ और पित्त को माना है। इन्होंने व्यक्तित्व के मूल घटक तत्त्व को जैव-भौतिक (Bio physical) माना है। जैव भौतिक तत्व की विशेषताएँ भी अलग हैं जैसे– बात, सूखा, सूक्ष्म तथा रूखा, पित्त तीखा, कटु गतिशील और गर्म तथा कफ भारी, ठंडा और नर्म होता है। ये सभी व्यक्तित्व के अलग-अलग प्रकारों के द्योतक हैं।

6 मनोवृत्ति किसे कहते हैं ? (What is Attitude ?)

उत्तर- मनोवृत्तियाँ सोचने तथा विशेष ढंग से व्यवहार करने की अपेक्षाकृत स्थायी विशेषता को कहते हैं। मनोवृत्तियाँ अर्जित होती है। इस प्रकार किसी वस्तु के प्रति, व्यक्ति के चिन्तन, भाव एवं क्रिया को मनोवृत्ति कहते हैं यह अंतः क्रिया एवं अनुभव का परिणाम होती है।

7 आबद्धता तथा प्रतिगमन किसे कहते हैं ? (What are Attachment and Regression?)

उत्तर- लैंगिक आवेग का, विकास की प्रारंभिक अवस्था में, ठहर जाना आबद्धता कहलाता है। 'प्रतिगमन' का अर्थ है 'पीछे की ओर लौटना'। इस स्थिति में व्यक्ति वर्तमान से बहुत पहले की अवस्था में चला जाता है। जैसे– किसी बूढ़े व्यक्ति द्वारा बच्चों की तरह जोर-जोर से रोना।

8 आद्यरूप से क्या तात्पर्य है ? (What is meant by Archetype ?)

उत्तर- सामूहिक अचेतन में संचित प्राचीन अनुभूतियों की अभिव्यक्ति कुछ प्रतिमाओं के रूप में होती है जिन्हें आद्यरूप कहा जाता है। आद्यरूप की अभिव्यक्ति के स्वप्न तथा कल्पना चिन्तन में होती है।

9 आत्म प्रतिवेदन माप क्या है ? (What is self report measures ?)

उत्तर- आत्म प्रतिवेदन माप व्यक्तित्व मूल्यांकन की एक विधि है जिसमें प्रयोज्य को विभिन्न कथनों के संदर्भ में अपनी भावनाओं के बारे में वस्तुनिष्ठ रूप में रिपोर्ट देना अपेक्षित होता हैं। चूंकि प्रयोज्य द्वारा दिये गये उत्तर अर्थात् रिपोर्ट को ज्यों का त्यों अध्ययन के लिए स्वीकार कर लिया जाता है, इसलिए इसे आत्म प्रतिवेदन माप कहा जाता है।

10 युंग के अनुसार एनीमा तथा एनीमस को स्पष्ट करें।
Clarify Anima and Animus according to Jung.

उत्तर- युंग के अनुसार मनुष्य एक उभयलिंगी या द्विलिंगी प्राणी होता है, क्योंकि दोनों यौन के व्यक्ति अपने लिंग के उपयुक्त हारमोन्स के अलावा विपरीत लिंग के हारमोन्स का स्राव करते हैं।

महिलाओं में पौरुष तत्वों के रूप को एनीमस तथा पुरुषों के स्त्री सुलभ तत्त्वों के रूप को एनीमा कहा जाता है।

Scanned with CamScanner

**11 आत्म एवं व्यक्तित्व की अवधारणाएँ क्या बताती हैं ?**

**What do concepts of self and personality denote ?**

उत्तर- व्यक्तित्व की अवधारणाएँ हमारे अस्तित्व की विशेषताएँ, जिस रूप में हमलोगों द्वारा अनुभव की जाती हैं तथा जिस तरह से बाह्य रूप में प्रकट होती हैं, उसे बताती है।

**12 मुखीय अवस्था से आप क्या समझते हैं ? (What do you mean by oral position?)**

उत्तर- बच्चों के जन्म से लगभग दो वर्षों तक के अवस्था को मुखीय अवस्था के नाम से जाना जाता है। यह मनोलैंगिक विकास की प्रारम्भिक अवस्था है। इस अवस्था में बच्चे का सम्पूर्ण सुख मुखीय गतिविधियों पर केन्द्रित होता है। इस अवस्था में बच्चे अपने और अपनी माँ के 'स्व' में कोई अंतर नहीं कर पाते हैं। इस अवस्था में बच्चे को स्तनपान करते समय स्तन को चूसने, चबाने तथा काटने से संतुष्टि प्राप्त होती है। *मुखीय अवस्था के दो चरण हैं–* (i) स्तनपान या चूषण की अवस्था, (ii) दंत दंशन की अवस्था।

**13 शीलगुण के सम्बन्ध में कैटेल का विचार व्यक्त करें।**

**Explain the theory of Cattell regarding traits.**

उत्तर- कैटेल के अनुसार व्यक्तित्व 16 प्राथमिक या स्रोत शीलगुणों से मिलकर बना है। स्रोत शील गुण व्यक्तित्व के निर्माण की इकाइयाँ हैं। इसके अतिरिक्त सतही शीलगुण भी होते हैं जो स्रोत शीलगुणों की पारस्परिक अन्तःक्रिया के कारण उत्पन्न होते हैं।

**14 अस्मिताबोध से क्या तात्पर्य है ? (What is meant by Identity Apprehension ?)**

उत्तर- अस्मिताबोध का अर्थ है अपने स्वयं को दूसरे लोगों या दूसरे चीजों से अपने स्व से समबद्धता या असम्बद्धता के आधार पर भिन्न रूप में देखना।

**15 व्यक्तिगत अनन्यता से क्या तात्पर्य है ?**

**What is meant by Personal Identity ?**

उत्तर- व्यक्तिगत अनन्यता से तात्पर्य उन गुणों से है जो व्यक्ति विशेष को दूसरे से भिन्न करते हैं। जब कोई व्यक्ति अपनी विशेषता, जैसे गायक होना बताता है, तो वह अपनी व्यक्तिगत अनन्यता को उद्घाटित करता है।

**16 सामाजिक अनन्यता से क्या समझते हैं ? (What do you mean by Social Identity?)**

उत्तर- व्यक्ति का वह पक्ष जो उसे किसी सामाजिक अथवा सांस्कृतिक समूह से जोड़ता है, सामाजिक अनन्यता कहलाता है। जैसे– जब कोई कहता है कि वह हिन्दू या दक्षिण भारतीय है, तो वह अपनी सामाजिक पहचान के बारे जानकारी देता है।

**17 आत्म-संप्रत्यय या आत्मधारण से क्या समझते हैं ?**

**What do you mean by Self Concept ?**

उत्तर- जिस प्रकार से व्यक्ति स्वयं का प्रत्यक्षण करता है और अपनी क्षमताओं और गुणों के बारे में विचार रखता है उसे ही आत्म-सम्प्रत्यय या आत्म-धारण कहते हैं।

**18 सांस्कृतिक उपागम क्या है ? (What is cultural approaches ?)**

उत्तर- सांस्कृतिक उपागम व्यक्तित्व को प्रचलित आर्थिक रखरखाव प्रणालियों के प्रभाव में व्यक्तियों के अनुकूलन प्रयासों तथा उनमें उत्पन्न होने वाली सांस्कृतिक विशेषताओं के रूप में समझने का प्रयास करता है। यह उपागम मानता है कि व्यक्तित्व का विकास किसी समूह के जीवन की पारिस्थितिक और सांस्कृतिक विशेषताओं के प्रति अनुकूलन करने के प्रयासों में होता है। अतः सांस्कृतिक उपागम व्यक्तित्व को परिस्थिति और संस्कृति की माँगों के प्रति व्यक्तियों या समूहों के अनुकूलन के रूप में स्वीकार करता है।

**19 प्ररूप उपागम क्या है ? (What is Type Approaches ?)**

उत्तर- प्ररूप उपागम व्यक्ति के प्रक्षित व्यवहारपरक विशेषताओं के कुछ व्यापक स्वरूपों का परीक्षण कर मानव व्यक्तित्व को समझने का प्रयास करता है।

Scanned with CamScanner

**20 वाक्य-समापन परीक्षण क्या है ? (What is sentence completion test ?)**

उत्तर- व्यक्तित्व का मूल्यांकन करने के लिए वाक्य-समापन परीक्षण में प्रयोज्य के समक्ष अधूरे वाक्य देकर उन्हें पूरा करने के लिए कहा जाता है। वाक्य के अन्तिम भाग को प्रयोज्य जिस तरह समाप्त करता है उससे उसकी अभिवृत्तियाँ, अभिप्रेरणाएँ और द्वंद्व प्रतिबिम्बित होते हैं।

**21 व्यक्ति अंकन परीक्षण क्या है ? (What is draw-a-person test ?)**

उत्तर- व्यक्तित्व मूल्यांकन की एक प्रक्षेपी तकनीक व्यक्ति- अंकन परीक्षण भी है जिसमें प्रयोज्य को किसी एक व्यक्ति का चित्र बनाने तत्पश्चात् विपरीत लिंग के व्यक्ति का चित्रांकन करने और अन्ततः उस व्यक्ति के बारे में एक कहानी लिखने को कहा जाता है। इससे प्रयोगकर्ता को प्रयोज्य की अचेतन अभिप्रेरणाओं, गहन द्वंद्वों और संवेगात्मक ग्रंथियों को समझने में सहायता मिलती है।

**22 व्यक्तित्व मापन किसे कहते है ? (What is called personality measures ?)**

उत्तर- व्यक्तित्व का मापन एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व के विभिन्न पक्षों का अध्ययन किया जाता है। व्यक्तित्व मापन का लक्ष्य न्यूनतम त्रुटि एवं अधिकतम शुद्धता के साथ व्यक्तित्व का मूल्यांकन करना होता है। मनोवैज्ञानिक इसके लिए प्रेक्षण, प्रक्षेपी तथा आत्म-प्रतिवेदन जैसी वैज्ञानिक विधियों द्वारा व्यक्तित्व का विश्लेषण एवं मापन करते हैं। व्यक्तित्व मापन द्वारा हमें यह पता चलता है कि किसी का व्यक्तित्व कितना संगठित है या उसमें कितनी विसंगतियाँ हैं।

**23 व्यक्तित्व का विशेषक उपागम क्या है ? (What is the trait approaches ?)**

*अथवा (Or).* व्यक्तित्व के अध्ययन का शीलगुण उपागम से आप क्या समझते हैं ? What do you understand by the trait approaches of the study of personality.

उत्तर- व्यक्तित्व के अध्ययन का शीलगुण उपागम व्यक्तित्व की मौलिक इकाई को यानी शीलगुण को अलग करके उसके आधार पर व्यक्ति के व्यवहार की व्याख्या करता है। इस तरह शीलगुण उपागम में व्यक्तित्व के उन महत्त्वपूर्ण आयामों की पहचान करने की कोशिश की जाती है जिनके आधार पर व्यक्ति एक-दूसरे से भिन्न समझे जाते हैं।

**24 इड किसे कहते है ? (What is Id ?)**

उत्तर- यह व्यक्तित्व का वह भाग है जो कि आदिम आवश्यकताओं, लैंगिक इच्छाओं तथा आक्रामक आवेगों की तात्कालिक संतुष्टि से संबंधित है। यह सुख के सिद्धान्त का अनुसरण करता है।

**25 अचेतन का क्या अर्थ है ? (What is the meaning of unconscious ?)**

उत्तर- अचेतन मन का वह विशाल भाग है, जिसमें दमित इच्छाएँ रहती हैं तथा जिनके बारे में व्यक्ति को कुछ भी ज्ञात नहीं रहता वह अनभिज्ञ रहता है।

## ◉ लघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1 व्यक्तित्व को आप किस प्रकार परिभाषित करते हैं ? व्यक्तित्व के अध्ययन के प्रमुख उपागम कौन-से हैं ?**

**How do you define personality ? What are the main approaches to the study of personality ?**

उत्तर- व्यक्तित्व का तात्पर्य सामान्यतया व्यक्ति के शारीरिक एवं वाह्य रूप से होता है। मनोवैज्ञानिक शब्दों में व्यक्तित्व से तात्पर्य उन विशिष्ट तरीकों से है जिनके द्वारा व्यक्तियों और स्थितियों के प्रति अनुक्रिया की जाती है। लोग सरलता से इस बात का

Scanned with CamScanner

वर्णन कर सकते हैं कि वे किस तरीके से विभिन्न स्थितियों के प्रति अनुक्रिया करते हैं। गुण सूचक शब्दों (जैसे– शर्मीला, संवेदनशील, शांत, गंभीर, स्फूर्त आदि) का उपयोग प्रायः व्यक्तित्व का वर्णन करने के लिए किया जाता है ये शब्द व्यक्तित्व के विभिन्न घटकों को इंगित करते हैं। इस अर्थ में व्यक्तित्व से तात्पर्य उन अनन्य एवं सापेक्ष रूप से स्थिर गुणों से है जो एक समयावधि में विभिन्न स्थितियों में व्यक्ति के व्यवहार को विशिष्टता प्रदान करते है। व्यक्तित्व व्यक्तियों की उन विशेषताओं को भी कहते हैं जो अधिकांश परिस्थितियों में प्रकट होती हैं।

*व्यक्तित्व के अध्ययन के प्रमुख उपागम निम्नांकित हैं–*

(i) प्ररूप उपागम,

(ii) विशेषक उपागम,

(iii) अंतःक्रियात्मक उपागम।

2 **व्यक्तित्व के मानवतावादी उपागम की प्रमुख प्रतिज्ञप्ति क्या है ? आत्मसिद्धि से मैस्लो का क्या तात्पर्य था ?**

**What is the main proposition of humanistic approach to personality? What did Maslow mean by self-actualisation ?**

*अथवा (Or),* **व्यक्तित्व का मानवतावादी दृष्टिकोण क्या है ? मास्लो के विचारों को स्पष्ट करें।**

**What is the humanistic view point to personality ? Clarify the concept of Maslow.**

उत्तर– व्यक्तित्व का मानवतावादी उपागम मानव स्वभाव के बारे में सकारात्मक और आशावादी दृष्टिकोण अपनाते हुए मानता है कि मनुष्य के साथ जो कुछ भी घटित होता है उसके लिए वह बहुत सीमा तक स्वयं उत्तरदायी होता हैं। यह दृष्टिकोण व्यक्तिगत उत्तरदायित्व और विकास की भूमिका को मान्यता देता है और व्यक्ति के अतीत की जगह उसके वर्तमान पर बल देता है।

मास्लो के स्व-वास्तविकीकरण से तात्पर्य एक ऐसी अवस्था से है जिसमें व्यक्ति अपने सारे आंतरिक गुणों या शक्तियों को विकसित कर चुका होता है। अब्राहम मास्लो के अनुसार मानव अपने जीवन को जैसा चाहते बनाने को स्वतंत्र है और इस प्रकार स्व को वास्तविकता के धरातल पर भी उपलब्ध कर सकता है। उन्होंने मानव व्यवहार को उन आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में देखा जो व्यक्ति में प्रेरणा जगाती हे। आवश्यकताओं का क्षेत्र विस्तृत होता है जिनमें जैविक आवश्यकताओं से लेकर आत्मसिद्धि तक शामिल हैं। पूर्ण रूप से स्व वास्तविकीकरण के स्तर तक पहुँचे व्यक्ति विरले ही होते हैं, क्योंकि व्यक्तियों की आत्मसिद्धि, जो चरम उत्कर्ष माना जाता है, के क्षण कभी-कभी प्राप्त होते हैं– जब व्यक्ति स्वयं को धन्य मानता है तथा परमानंद की प्राप्ति करता है।

3 **फ्रायड ने व्यक्तित्व की संरचना की व्याख्या कैसे की है ?**

**How has Freud explained the structure of personality ?**

*अथवा (Or),* **फ्रायड के अनुसार व्यक्तित्व के तीन पक्षों– इड, अहं, परांह में अंतर स्पष्ट करें।**

**Explain the three aspects– Id, ego, superego of personality according to Freud.**

उत्तर– *फ्रायड के अनुसार व्यक्तित्व में तीन संरचनाएँ होती हैं–*

(i) इड– यह व्यक्तित्व का वह भाग है जो केवल एक चीज चाहता है– किसी भी तरह से आवश्यकताओं की संतुष्टि। व्यक्तित्व का यह भाग व्यक्ति की आदिम

Scanned with CamScanner

आवश्यकताओं, लैंगिक इच्छाओं तथा आक्रामक आवेगों की तात्कालिक सन्तुष्टि से संबंधित है।

(ii) अहं– इसका विकास इड से ही होता है। यह व्यक्तित्व का वह भाग है जो सुख को अधिकाधिक बढ़ाने और दुःख को कम से कम करने का प्रयास करता है। यह इदं एवं पराहं दोनों के बीच सन्तुलन स्थापित करने का प्रयास करता है।

(iii) पराहं– यह व्यक्तित्व का वह स्तर है जो सामाजिक अपेक्षाओं और आदर्शों का उल्लंघन करने पर व्यक्ति में अपराधबोध उत्पन्न करता है और उसे दंडित करता है।

4 व्यक्तित्व का विशेषक उपागम क्या है ? व्यक्तित्व का विशेषक उपागम कैसे प्ररूप उपागम से भिन्न है ?

What is trait approach to personality ? How does it differ from type approach to personality ?

उत्तर- व्यक्तित्व के अध्ययन का शीलगुण उपागम व्यक्तित्व की मौलिक इकाई को यानी शीलगुण को अलग करके उसके आधार पर व्यक्ति के व्यवहार की व्याख्या करता है। इस तरह शीलगुण उपागम में व्यक्तित्व के उन महत्त्वपूर्ण आयामों की पहचान करने की कोशिश की जाती है जिनके आधार पर व्यक्ति एक-दूसरे से भिन्न समझे जाते हैं।

व्यक्तित्व का विशेषक उपागम विशिष्ट मनोवैज्ञानिक गुणों के आधार पर लोगों को समझने का प्रयास करता है जिसके आधार पर लोगों को समझने का प्रयास करता है जिसके आधार पर व्यक्ति संगत और स्थिर रूपों में भिन्न होते हैं। जैसे एक व्यक्ति कम मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर सकता है, जबकि दूसरे का व्यवहार कम मैत्रीपूर्ण हो सकता है। एक व्यक्ति अधिक शर्मिला होता है, जबकि दूसरा कम शर्मिला होता है।

दूसरी ओर व्यक्तित्व का प्ररूप उपागम व्यक्ति की निरीक्षित व्यवहारपरक विशेषताओं के कुछ व्यापक स्वरूपों का परीक्षण कर मानव व्यक्तित्व को समझने का प्रयास करता है। जैसे युंग ने व्यवहार संवंधी स्वभाव के आधार पर लोगों को अन्तर्मुखी और शेल्डन ने शारीरिक वनावट और स्वभाव को आधार बनाते हुए एण्डोमॉर्फिक, मेसोमॉर्फिक एवं एक्टोमॉर्फिक में वर्गीकृत किया है।

5 व्यक्तित्व को समझने में आलपोर्ट के शीलगुण सिद्धांत की विवेचना करें।

Explain Allport's trait principle to understand personality.

*अथवा (Or),* शीलगुण के संबंध में आलपोर्ट के विचारों को स्पष्ट करें।

Explain the concept of Allport's trait principle.

उत्तर- आलपोर्ट के अनुसार शीलगुण व्यक्ति के व्यक्तित्व एवं मानसिक संरचना का मूल आधार होता है। इन्होंने अपने सिद्धांत में तीन प्रकार के शीलगुणों को बताया है।

(i) *मूलभूत (प्रमुख) शीलगुण (Cardinal Traits)*– यह पूर्णतः व्यक्तिगत शीलगुण हैं, जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को अद्भुत आकार प्रदान करता है। उदाहरणार्थ– मदर टेरेसा की मानवीयता का गुण।

(ii) *केन्द्रीय शीलगुण (Central Traits)*– यह व्यक्ति के विशिष्ट व्यवहार को सामान्यीकृत ढंग से प्रभावित करता है। आधिपत्य, सामाजिकता इत्यादि इसी प्रकार के गुणों की श्रेणी में आते हैं।

(iii) *द्वितीय (गौण) शीलगुण (Secondary traits)*– इस प्रकार के शीलगुण का विशेष निर्धारण होता है। इन गुणों की मात्रा में विभिन्नता के द्वारा वैयक्तिक भिन्नता की व्याख्या की जा सकती है।

Scanned with CamScanner